# आसियान डिजिटिल मंत्रियों की तीसरी बैठक

## प्रलिम्सि के लिये:

आर्टिफिशियिल इंटेलिजेंस, भारत-आसियान डिजिटिल कार्ययोजना- 2023, आसियान घोषणा, लुक ईस्ट पॉलिसी, आसियान-इंडिया ट्रेड इन गुड्स एग्रीमेंट (AITIGA), व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता, आसियान इंडिया फ्रेंडशिप ईयर, आसियान-इंडिया ग्रीन फंड।

## मेन्स के लिये:

भारत-आसियान संबंध, व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता।

## चर्चा में क्यों?

**आसियान डिजिटिल मंत्रियों (ADGMIN) की तीसरी बैठक** हाल ही में आयोजित की गई।

- बैठक का विषय **"एक सतत् डिजिटिल भविष्य की ओर सहक्रियता"** (Synergy Towards a Sustainable Digital Future) था।

## बैठक के प्रमुख बिंदु:

बैठक सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) के क्षेत्र में भारत और [आसियान (Association of Southeast Asian Nations)](#) के बीच संबंधों को मज़बूत करने पर केंद्रित थी।

भारत ने निष्पक्ष प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देने और ब्रॉडबैंड तथा दूरसंचार कनेक्टिविटी बढ़ाने हेतु सुधारों पर ज़ोर दिया।

बैठक में एक समावेशी एवं न्यायसंगत समाज बनाने, सतत् विकास को बढ़ावा देने तथा डिजिटिल माध्यमों से नागरिकों को सशक्त बनाने के साधन के रूप में डिजिटिल परिवर्तन के महत्त्व पर भी प्रकाश डाला गया।

**भारत-आसियान डिजिटिल कार्ययोजना 2023 को मंज़ूरी** दी गई, जिसमें साइबर सुरक्षा में आर्टिफिशियिल इंटेलिजेंस, अगली पीढ़ी के स्मार्ट शहरों में IoT एवं AI तथा डिजिटिल स्वास्थ्य तथा सुरक्षा को लागू करने में ICT की भूमिका जैसे क्षेत्रों में क्षमता निर्माण और ज्ञान साझा करने की पहल शामिल है।

## आसियान (ASEAN) समूह:

- **परिचय:**
  - यह एक क्षेत्रीय समूह है जो आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देता है।
  - इसकी स्थापना **अगस्त 1967 में बैंकॉक, थाईलैंड में** आसियान के संस्थापकों अर्थात् इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर एवं थाईलैंड द्वारा **आसियान घोषणा** (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ की गई थी।
  - इसकी अध्यक्षता सदस्य राष्ट्रों द्वारा अंग्रेज़ी के वर्णानुक्रम के आधार पर वार्षिक रूप से की जाती है।

**सदस्य:**




## ASEAN के साथ भारत का संबंध:

- **परिचय:**
  - भारत और आसियान के बीच संबंध दीर्घकालिक और बहुआयामी हैं जिसमें **राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक तथा सुरक्षा** आयाम शामिल हैं।
- **द्विपक्षीय संबंधों का विकास:**
  - 1990 के दशक में भारत द्वारा '[लुक ईस्ट पॉलिसी]' शुरू किये जाने के बाद से **भारत-आसियान द्विपक्षीय संबंध में काफी विकास देखा गया है।**
    - वर्ष 2014 में मुख्य रूप से **दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को विकसित करने** के लिये

इस पहल को **'एक्ट ईस्ट पॉलिसी'** में बदल दिया गया था।

- भारत वर्ष 1992 में आसियान के एक **क्षेत्रीय भागीदार** के रूप में उभरा, जिसके बाद वे **वर्ष 1996 में संवाद भागीदार और वर्ष 2002 में एक शिखर-स्तरीय भागीदार बने।**
- वर्ष 2009 में **आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौता (ASEAN-India Trade in Goods Agreement-AITIGA)** पर हस्ताक्षर किये गए जो 1 जनवरी, 2010 को लागू हुआ।
  - इसके अलावा भारत का आसियान क्षेत्र के विभिन्न देशों **(सिंगापुर, मलेशिया और थाईलैंड)** के साथ एक **व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (CECA)** है, जिसके परिणामस्वरूप रियायती व्यापार एवं निवेश में वृद्धि हुई है।
- **भारत ने आसियान देशों के साथ संबंधो को मज़बूत करने** के लिये वर्ष 2015 में जकार्ता में **आसियान और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के लिये एक अलग मिशन भी शुरू किया।**
- वर्ष 2022 में आसियान और भारत के बीच संवाद संबंधों की स्थापना के 30 वर्ष की साझेदारी के उपलक्ष्य में **आसियान-भारत मैत्री वर्ष** मनाया गया, **जिससे इनकी रणनीतिक साझेदारी को काफी बढ़ावा मिला।**

- **अन्य क्षेत्र:**
  - **वित्तीय सहायता:**
    - **आसियान-भारत सहयोग कोष**, **आसियान-भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकास कोष** तथा **आसियान-भारत ग्रीन फंड** जैसे विभिन्न चैनलों के माध्यम से भारत, **आसियान देशों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।**
  - **कनेक्टिविटी:**
    - भारत कई कनेक्टिविटी पहलों को लागू कर रहा है, जैसे कि **भारत-म्याँमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग** और **कलादान मल्टीमॉडल परियोजना**।
    - इसके अतिरिक्त **आसियान के साथ भारत एक समुद्री परिवहन समझौता** स्थापित करने की दिशा में काम कर रहा है और **नई दिल्ली, भारत एवं हनोई, वियतनाम के बीच रेलवे कनेक्शन** की योजना भी प्रस्तावित है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये: (2018)**

1. ऑस्ट्रेलिया
2. कनाडा
3. चीन
4. भारत
5. जापान
6. अमेरिका

**उपर्युक्त में से कौन-कौन आसियान (ए.एस.ई.ए.एन) के 'मुक्त-व्यापार भागीदारों' में से हैं?**

(a) केवल 1, 2, 4 और 5
(b) केवल 3, 4, 5 और 6
(c) केवल 1, 3, 4 और 5
(d) केवल 2, 3, 4 और 6

**उत्तर: (c)**

---

**प्रश्न. 'रीजनल कॉम्प्रहिंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप' पद प्रायः समाचारों में देशों के एक समूह के मामलों के संदर्भ में आता है। देशों के उस समूह को क्या कहा जाता है? (2016)**

(a) G20
(b) ASEAN
(c) SCO
(d) SAARC

**उत्तर: (b)**

---

**प्रश्न. मेकांग-गंगा सहयोग में छह देशों की पहल, निम्नलिखित में से कौन-सा/से देश प्रतिभागी नहीं है/हैं? (2015)**

1. बांग्लादेश
2. कंबोडिया
3. चीन
4. म्याँमार
5. थाईलैंड

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 1, 2 और 5

**उत्तर: (c)**

---

**प्रश्न. शीतयुद्धोत्तर अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य के संदर्भ में भारत की पूर्वोन्मुखी नीति के आर्थिक और सामरिक आयामों का मूल्यांकन कीजिये। (मुख्य परीक्षा, 2016)**

## सस्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/3rd-asean-digital-ministers-meeting